आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :456 पृष्ठ -4 दिनांक 18 अप्रेल 2025 दिन शुक्रवार

## उत्तर प्रदेश के लगभग 12 जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश होने की भी संभावना मौसम विभाग ने जताई

## मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश के 19 जिलों में गर्म रात रहने की चेतावनी जारी की

लखनऊ उत्तर प्रदेश में पिछले दो–तीन दिन से मौसम शुष्क बना हुआ है, आसमान साफ है. जिसकी वजह से दिन के तापमान में वृद्धि हुई है. दिन में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं, तो वहीं अब रातों का सुकून भी छिनने वाला है. मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश के 19 जिलों में गर्म रात रहने की चेतावनी जारी की है.इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के लगभग 12 जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश होने की भी संभावना मौसम विभाग ने जताई है. इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को हल्की राहत जरूर मिलेगी. उत्तर प्रदेश में 18 से लेकर 20 अप्रैल तक हल्की बारिश होने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवा चलने की संभावना मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जताई गई है, जिसका प्रमुख कारण पहाड़ों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है. यूपी के 19 जिलों में रातें गर्म रहने का अलर्ट मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा,



औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में राते गर्म रहने की संभावना जताई है.यूपी के 12 जिलों में बारिश का अलटर्रू मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार चित्रकूट, वाराणसी, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती, प्रयागराज, कौशांबी, मिर्जापुर, सोनभद्र जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की भी संभावना है.लखनऊ का आज का मौसमरू लखनऊ में मौसम शुष्क बना हुआ है. दिन में आसमान साफ रहने से तेज धूप खिली रही. अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है.वहीं, न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है. मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार को मौसम शुष्क बना रहेगा, आसमान साफ रहेगा और तेज धूप खिलेगी. अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है.फतेहपुर रहा सबसे गमर्रू उत्तर प्रदेश का फतेहपुर जिला बुधवार को सबसे गर्म रहा, जहां पर अधिकतम तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है. सबसे कम तापमान सोनभद्र जिले में 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य है. मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि अगले 3 दिन में अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे 2–3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है. उसके बाद कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा. अगले 5 दिन में न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है. शुक्रवार को पूर्वी तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश भी हो सकती है.

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सीएम योगी के दावे से यूपी में सियासी हलचल तय

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव, अक्सर यह दावा करते हैं कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का काम उनकी सरकार में शुरू हुआ. अब इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा दावा किया है. सीएम के इस दावे से यूपी में सियासी हलचल तय मानी जा रही है. उन्होंने कहा है कि साल 2016 में एक्सप्रेस वे का शिलान्यास तो हुआ लेकिन जमीन नहीं आवंटित की गई थी. न ही इसका अलाइनमेंट तय था.सीएम ने कहा कि हम लोग जब आए (साल 2017 में सत्ता में) तो हमें बताया गया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बन रहा है. मार्च (साल 2017)में हमने शपथ ली. मई में मैं इसकी समीक्षा कर रहा था. तो मैं तो प्रोग्रेस के लिए समीक्षा कर रहा था. प्रगति कितनी हुई है. तो मुझे बताया गया कि अभी काम शुरू नहीं हुआ है. मैंने पूछा क्यों? मैंने तो सुना है कि सीएम ने साल 2016 में ही शिलान्यास कर दिया था. उन्होंने (अधिकारियों ने) कहा– श्शिलान्यास हुआ है लेकिन लैंड नहीं है.श्सीएम ने कहा कि अब आप अनुमान करिए कि शिलान्या हो गया लेकिन लैंड नहीं है. मैंने लैंड अक्वायर करने के लिए कहा तो कहा गया कि अभी अलाइन्मेंट नहीं तय है. हिन्दी अखबार अमर उजाला के एक कार्यक्रम में सीएम ने कहा तो मैंने पूछा कि शिलान्यास किसका हुआ है? मैंने सुना है कि इसमें ठेके भी आवंटित कर दिए गए हैं. तो मुझे बताया गया कि हां वो सब हो चुका है.

सीएम के मुताबिक मुझे बताया गया कि पूरा प्रोजेक्ट 15 हजार 200 करोड़ रुपये का है. तो मैंने कहा कि इसको कैंसिल कर के अलाइन्मेंट तय करें इसका. एक साल का समय लगा. हमनें टेंडर करवाया. वहीं पार्टियां (ठेकेदार) आ गईं तो फिर वहीं टेंडर की कीमत 15 हजार 200 करोड़ रुपये में ही टेंडर हुआ. तो मुझे शक हुआ. 2016 का टेंडर 2018 में भी 15,200 करोड़ का कैसे? मैंने सोचा कि दो साल में कुछ तो दाम बढ़े होंगे. फिर मैंने उसे कैंसिल किया. बिल्कुल वही कीमत कैसे. कुछ तो खेल हुआ है. मुख्यमंत्री ने कहा कि – उसको कैंसिल किया मैंने फिर कहा कि ये काम करो अब टेक्निकल और फा. इनशियल भी एक साथ और एक साथ देखो इसमें कैसे कुछ तो खेल हुआ और जब हम लोगों ने एक साथ मंगवाया तो आप आश्चर्य करेंगे कि वही एक्सप्रेसवे हमारा बना है 11,800 करोड़ रुपये में. यानी लूट थी.

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री के साथ जुटी अधिकारियों की फौज, सीएम योगी ने सुनीं समस्याएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ स्थित सीएम हाउस में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की परेशानियां सुनीं। सीएम योगी के जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी के साथ जनता दर्शन में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह एवं मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।राजस्व परिषद के अध्यक्ष भी जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। ब्ड ने अधिकारियों को मौके पर लोगों की समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी जनता दर्शन में किसी आए हुए व्यक्ति के बच्चे को गोद में लेकर खिलाते नजर आए। जनता दर्शन में आए दो दिव्यांगों को सीएम योगी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टिक भी प्रदान की गई।

## अखिलेश और मायावती की लड़ाई में कूदे केशव, कहा– सपा– सांपनाथ, बसपा–नागनाथ, कांग्रेस– कालियानाग

उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता, केशव प्रसाद मौर्य, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की लड़ाई में कूद गए हैं. इसमें उन्हा. ने कांग्रेस को भी घेर लिया है. दरअसल, गुरुवार, 17 अप्रैल को बसपा चीफ मायावती ने सपा को लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर बयान दिया. इसके बाद सपा की ओर से पार्टी नेता आईपी सिंह ने प्रतिक्रिया दी. उधर, डिप्टी सीएम ने बसपा, सपा और कांग्रेस ,तीनों को घेरते हुए सियासी प्रतिक्रिया दी.केशव ने लिखा कि– सपा, बसपा और कांग्रेस की तिकड़ी एक ही थाली के चट्टे–बट्टे हैं. पहला सांपनाथ, दूसरा नागनाथ और तीसरा कालियानाग है. तीनों का काला अतीत दंगा, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और जातिवाद,परिवारवाद से अटा पड़ा है. इन्होंने दलितों, पिछड़ों और गरीबों का शोषण करने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी और इस हरकत में तीनों ने एक दूसरे को मात दी.उन्होंने लिखा कि यह कहने में रत्तीभर भी संकोच नहीं है कि गरीबों, पिछड़ों, दलितों और महिलाओं को यथोचित सम्मान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन में मिला है. उनके नेतृत्व में भाजपा सरकार की नीतियों और डबल इंजन की सरकार के तहत हरेक तबके का समुचित विकास किया जा रहा है .उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सबको यह पक्का भरोसा है कि जनता अब नकली मसीहाओं के झांसे में नहीं आने वाली. विकास, सुशासन और सम्मान का रास्ता भाजपा से होकर गुजरता है.मायावती ने क्या लिखा था?यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने लिखा था – विदित है कि अन्य पार्टियों की तरह आएदिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे करके तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले आ रहे इनके अति विवादित बयानबाजी, आरोप–प्रत्यारोप व कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होती है. क्योंकि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहाँ किसी भी हद तक जा सकती है. अतः दलितों के साथ–साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी रा. जनीतिक हथकण्डों का शिकार होने से जरूर बचना चाहिए.बसपा चीफ ने लिखा था– साथ ही, ऐसी पार्टियों से जुड़े अवसरवादी दलितों को दूसरों के इतिहास पर टीका–टिप्पणी करने की बजाय यदि वे अपने समाज के सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों की अच्छाईयों एवं उनके संघर्ष के बारे में बताएं तो यह उचित होगा, जिनके कारण ये लोग किसी लायक बने हैं.मायावती के बयान पर सपा ने दिया जवाब बसपा चीफ के बयान पर सपा नेता आईपी सिंह ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने लिखा– मायावती जी सदैव भाजपा के पक्ष में रही हैं जब जब अवसर आया है भाजपा से लाभ लिया है आज भी अपरोक्ष रूप से भाजपा की मदद कर रही हैं. सपा उनके निशाने पर रहती है. कभी पीएम मोदी, अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ के बारे में भी दो चार शब्दों में आलोचना कर दिया करिये. बसपा का वोट बैंक ठश्रच घसीट ले गयी उसपर मौन रहती हैं.

**मेरठ उत्तर प्रदेश की मेरठ पुलिस ने गुरुवार को एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया।** मामला अकबरपुर सादात गांव में एक युवक अमित मिक्की की संदिग्ध मौत से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार पत्नी ने अपने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या की।पुलिस ने रविता और अमरदीप को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।एसपी राकेश मिश्रा ने बताया कि अमित की हत्या की साजिश रविता और अमरदीप ने एक हफ्ते पहले रची थी। घटना वाली (12 अप्रैल) रात रविता अपने पति अमित के साथ शाकुंभरी गई थी। लौटते समय उसने प्रेमी अमरदीप को फोन कर सांप की व्यवस्था करने को कहा। रात में अमरदीप एक सपेरे से 1000 रुपये में वाइपर सांप खरीदकर लाया और उसे झोले में छिपाकर लाया। पूछताछ में पता चला कि रविता ने अमित का गला दबाकर उसकी हत्या की। इसके बाद शव को चारपाई से हटाकर नीचे रखा गया और सांप को शव के पास छोड़ दिया ताकि सर्पदंश से मौत का भ्रम पैदा हो। एसपी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अमित की मौत गला दबाने से हुई थी। एसपी ने बताया, दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं और टाइल्स लगाने का काम करते थे। इसी दौरान उनकी दोस्ती हुई और बाद में प्रेम संबंध बन गए। अमित को इनके रिश्ते की जानकारी थी और वह इसका विरोध करता था। रविता ने बताया कि हत्या का विचार उसका था। घटना से पहले रात में अमित और रविता के बीच विवाद भी हुआ था। उसी रात रविता ने अमरदीप को बुलाया और साजिश को अंजाम दिया।ष्एसपी मिश्रा ने कहा कि सांप को लाने वाले सपेरे की पहचान की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सांप को कैसे नियंत्रित किया गया और रात भर उसे कैसे संभाला गया। शुरुआती पूछताछ में किसी और के साजिश में शामिल होने की कोई जानकारी नहीं मिली है।एसपी ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद मामले के सभी पहलुओं का खुलासा होगा।

## ग्रेटर नोएडा में स्कूली बस पेड़ से टकराई, 4–5 बच्चे घायल, पुलिस ने भेजा अस्पताल

ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में आज एक बड़ा हादसा टल गया. एक स्कूल बस अचानक से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जाकर टकरा गई और फिर उसके बाद वह पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में 4 से 5 बच्चों को मामूली चोट आई है. एतिहात के तौर पर घायलों बच्चों को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया.दरसअल यह हादसा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में डी मार्ट से चार मूर्ति की तरफ जाने वाले मार्ग पर हुआ.जहां पर ब्लूम पब्लिक स्कूल की गाजियाबाद की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई.जिस समय यह घटना हुई उस समय बस में करीब 15 से 18 बच्चे बस में सवार थे.पुलिस और ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर पहुंची हादसा होते ही बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया ,हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने सभी बच्चों को बस से बाहर निकाल दिया और इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. तत्काल प्रभाव से दूसरी बस बुलाकर सभी बच्चों को उसमें ले जाकर रवाना किया गया. जिन बच्चों को हल्की फुल्की चोट आई उनको उपचार के लिए अस्पताल ले जाएगा.कुछ देर बाद ही स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर पहुंच गए और उनके द्वारा क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को साइड हटा दिया गया. सड़क हादसा होने की वजह से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी बन गई.

## यूपी में प्राइवेट बस वालों के लिए अच्छी और बुरी खबर, सीएम योगी ने दिए अहम निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर नगर विकास विभाग में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की और भावी कार्ययोजनाओं पर विचार–विमर्श कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए.इस दौरान सीएम ने जो निर्देश दिए उनके आधार पर देखें तो बस मालिकों के लिए अच्छी और बुरी खबर दोनों है. दरअसल, एक ओर जहां सीएम ने कहा है कि जो बसें 15 साल की उम्र पूरी कर चुकी हैं, उन्हें स्क्रैप कराया जाए. वहीं सिटी बस सेवा में निजी ई बस ऑपरेटर्स को मौका दिया जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल स्वच्छ ईंधन वाली बसों को नगरीय परिवहन में प्रोत्साहित करने के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं. वर्तमान में 15 नगरों में 700 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है. यह सुनिश्चित किया जाए कि 15 वर्ष से अधिक समय तक किसी भी डीजलध्सीएनजी बसों का उपयोग न हो. इन्हें स्क्रैप कराया जाए. इनके स्थान पर ई–बसें लाई जानी चाहिए इसके अलावा सीएम ने कहा कि सिटी बस सेवा में निजी ई–बस संचालकों को भी अवसर दिया जाना चाहिए. व्यापक जनहित के दृष्टिगत इनका किराया रेग्युलेट किया जाना चाहिए. बसों की पार्किंग की जगह तय हो, रूट तय हो. इन निजी ई–बसों को समीपस्थ कस्बों से कनेक्ट किया जाए. नगरीय परिवहन में यह अच्छा प्रयास हो सकता है.मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में वाहन पार्किंग दिनों–दिन चुनौती बनता जा रहा है. पार्किंग को मांग, स्थान और समय के अनुरूप व्यवस्थित करने की आवश्यकता है. शुल्क में समरूपता होनी चाहिए. स्थानीय व्यापारियों, दुकानों, कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों आदि का मासिक पास बनाया जाए. प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित कराएं कि प्रदेश में कहीं भी पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली न होने पाए.सीएम ने कहा कि सरकार ने सभी जिला मुख्यालय वाले नगर निकायों में स्मार्ट नगर पालिका विकसित करने की कार्ययोजना बनाई है. स्मार्ट नगर पालिक. ाओं में डिजिटल गवर्नेंस, वैल्यू एडेड सिटिजन सर्विस, जैसे वायु और जल प्रदूषण की मॉनिटरिंग, जलभराव की समस्या की मॉनिटरिंग, स्मार्ट पार्किंग, स्मार्ट लाइट मैनेजमेंट, प्रदर्शनी स्थल, ऑडिटोरियम, वेंडिंग जोन, डिजिटल ला. इब्रेरी, नवीकरणीय ऊर्जा प्रकल्पों को प्रोत. साहन जैसे ईज ऑफ लिविंग के दृष्टिगत उपयोगी कार्य होंगे. इन निकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो. इस संबंध में बजट आवंटित किया गया है. विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें.

## बजरंग बली का जन्म कर्नाटक में, अयोध्या के हनुमानगढ़ी में होती है पूजा– सीएम योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने देश में अनेकता में एकता का जीवंत उदाहरण दिया है. सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है. यूपी,भारत की आस्था का केंद्र बिंदु भी है. पूरा भारत या अगर मैं कहूं कि वृहत्तर भारत, तो वह जीवन में एक बार यूपी आने का इच्छुक होता है. सीएम ने कहा कि पूरा भारत खुद को यूपी से जोड़ने की कोशिश करता है. कोई तो बात रही होगी, अनायास तो यह नहीं होगा. देश में कहीं भी रहने वाले लोग खुद को यूपी से जोड़ते हैं. आप पूर्व में जाएंगे तो हर व्यक्ति यह देखता है कि माता रुक्मणि पूरब से ही गईं और भगवान श्रीकृष्ण के साथ ब्याही गईं. मुख्यमंत्री ने कहा कि आप पश्चिम के लोगों से देखेंगे तो वह लोग इस बात से यूपी के साथ जुड़ने को इच्छुक होते हैं कि यहां से कृष्ण द्वारका में आए थे. अगर आप देखेंगे दक्षिण में तो वहां लोग यह मानकर चलते हैं कि बजरंग बली उसी कर्नाटक में पैदा हुए थे और हनुमानगढ़ी (अयोध्या) में पूजे जाते हैं. सीएम ने कहा कि जैसे आज मुर्शिदाबाद जल रहा है, उसी तरह साल 2017 के पहले यूपी में भी दंगे होते थे. बरेली में तो साल के चार दंगे उनके लिए पेटेंट हो गए थे. अलीगढ़, लखनऊ, कानपुर और जगह–जगह... कोई ऐसी जगह नहीं थी जहां दंगे न हुए हों. पर्व और त्योहार का उत्साह मंद हो जाता था क्योंकि सज्जन लोग इस बात से डरते थे कि कहीं दंगा न हो जाए. आज यूपी दंगा मुक्त है. अराजकता मुक्त है. हर त्योहार आज शांति से मनाया जा रहा है.

# महिला की मौत में दहेज हत्या का केस पति और ससुरालीजनों पर आरोप

## कार और 5 लाख के लिए करते थे परेशान

हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतका राजारानी उर्फ साक्षी (22 वर्ष) की डेडबॉडी बाथरूम में मिली थी।हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी बलना निवासी राजारानी की शादी पिछले साल शिवम पुत्र योगेंद्र सिंह निवासी परती बनारसी थाना चंदपा के साथ हुई थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि ससुरालीजन दहेज में कार और 5 लाख रुपये की मांग को लेकर राजारानी को प्रताड़ित करते थे।रात्रि में जमकर हुआ था हंगामा... घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे थे। पुलिस भी वहां पहुंच गई। देर रात मृतका के परिजनों ने थाना चंदपा के सामने शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों से कहासुनी भी हुई। परिवार के लोगों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया था।समझाकर खुलवाया जाम वहां जमकर हंगामा भी हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और समझाकर जाम खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका के पति शिवम और अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## हाथरस में किसान की कटी गेहूं की फसल में आग

हाथरस के हसायन थाना क्षेत्र में एक किसान की कटी हुई गेहूं की फसल में आग लगने से बड़ा नुकसान हुआ है। बदनपुर गांव के तालेवार यादव की पांच बीघा खेत में कटी हुई गेहूं की फसल रखी थी।बीती रात अचानक फसल में आग लग गई। आग की लपटें देखते ही गांव में अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। इसकी सूचना फायर स्टेशन को दी गई।फसल पूरी तरह जलकर हुई राख...सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक किसान की पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस घटना से किसान को हजारों रुपए का नुकसान हुआ हैं

## हाथरस में बढ़ते तापमान का असर अब लोगों की सेहत पर दिखने लगा



हाथरस में बढ़ते तापमान का असर अब लोगों की सेहत पर दिखने लगा है। गुरुवार को जिला अस्पताल में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के 300 से अधिक मरीज पहुंचे। इनमें ज्यादातर उल्टी–दस्त और पेट दर्द से पीड़ित थे। जिला अस्पताल में एक दिन में कुल 1800 से अधिक मरीज पहुंचे।इनमें से 300 से ज्यादा मरीज उल्टी दस्त और पेट दर्द के थे। महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भी बच्चे गर्मी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित होकर आ रहे हैं। मरीजों को चिकित्सकों से मिलने के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी।धूप से करें अपना बचाव...चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि गर्मी का प्रभाव लोगों पर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए कई सुझाव दिए हैं। नियमित रूप से पानी पीते रहें और तेल–मसालेदार भोजन से दूर रहें। पानी की मात्रा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। ओआरएस घोल पीते रहें। उल्टी–दस्त होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।धूप में निकलने से बचें। बीमार पड़ने पर किसी योग्य चिकित्सक को ही दिखाएं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है। गुरुवार की सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान किया।

## सादाबाद एटा–मथुरा मार्ग पर यात्रियों की परेशानी: 65 किमी की दूरी तय करने में निजी बसें लेती हैं 3 घंटे

एटा से मथुरा तक के मार्ग पर यात्रियों को निजी बस मालिकों की मनमानी का सामना करना पड़ रहा है। इस 125 किलोमीटर के मार्ग पर केवल एक रोडवेज बस चल रही है। सादाबाद तहसील के करीब 150 गांवों के लोग इस मार्ग से यात्रा करते हैं।जलेसर रोड से मथुरा तक की 65 किलोमीटर की दूरी रोडवेज बस एक घंटे में तय करती है। वहीं निजी बसें इसी दूरी को तय करने में 3 से साढ़े 3 घंटे लगाती हैं। निजी बस मालिक रोडवेज की नई बसों को चलने से रोकने के लिए उनके आगे–पीछे अपनी बसें लगा देते हैं और यात्रियों को रोडवेज में बैठने से रोकते हैं।निजी बसों का कोई तय समय नहीं है। सिर्फ सुबह मथुरा जाने वाली पहली और दूसरी बस का समय निश्चित है। शादी–विवाह के मौसम में जब बसें बारात ले जाती हैं, तब यात्रियों को 4 घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। एक बस तीन बसों का नंबर लेकर चलती है।हाथरस परिवहन निगम के सहायक अधिकारी वीरी सिंह ने बताया कि एटा–मथुरा मार्ग अभी उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के अधीन नहीं है। इसे निगम के अंतर्गत लाने के प्रयास जारी हैं। जैसे ही यह मार्ग निगम के अधीन आएगा, रोडवेज बसें चलाई जाएंगी।

## बाथरूम में मिला विवाहिता का शव थाने के बाहर शव रखकर हंगााम, लगाया जाम, पुलिस पर अभद्रता–मारपीट का आरोप

हाथरस मायके वालों का आरोप है कि विवाहिता से दहेज में कार की मांग को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। मायके वालों ने हंगामा किया और जाम लगाया।विवाहिता का शव बाथरूम में पड़ा मिला है। मायके पक्ष ने दहेज में कार की मांग को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने शव को थाने के बाहर रखकर हंगामा कर जाम भी लगाया। हाथरस में चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी परती बनारसी में 16 अप्रैल देर रात विवाहिता राजरानी का शव घर के बाथरूम में पड़ा मिला। मायके पक्ष का आरोप था कि ससुरालियों द्वारा लंबे से दहेज में कार की मांग की जा रही थी। इसी के चलते घटना को अंजाम दिया गया है। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पर हंगामा किया और शव को हाइवे पर रख जाम लगा दिया। मृतक के भाई ने पुलिस पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है। सीओ हिमांशु माथुर का कहना है कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आरोप की भी जांच की जाएगी।

## हाथरस में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए ऑपरेशन जागृति का चौथा चरण शुरू

हाथरस में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए ऑपरेशन जागृति का चौथा चरण शुरू हुआ है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कोतवाली नगर से महिला सशक्तीकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस मौके पर अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।हाथरस जंक्शन थाने पर सरस्वती शिशु मंदिर की एक छात्रा ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण, रामप्रवेश राय समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। सिकंदराराऊ कोतवाली में विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, सीओ श्यामवीर सिंह और एसडीएम धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले के अन्य थानों में भी इस अभियान की शुरुआत हो गई है।इस अभियान के तहत जिले के सभी थानों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर फैसिलिटेशन केंद्र की शुरुआत की गई है।



यहां छात्राएं और महिलाएं फॉर्म भरने जैसे काम मुफ्त में करवा सकती हैं। वहां पर उनकी पूरी मदद की जाएगी। इससे पहले रैली भी निकाली गई।रैली में पीआरवी वाहनों और स्कूटी पर महिला सशक्तिकरण से जुड़े पोस्टर और बैनर लगाए गए। इनके माध्यम से यूपी पुलिस की सुरक्षा सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 15 मई तक चलने वाले महिला जागरूकता अभियान की भी शुरुआत की गई हाथरस जंक्शन थाने पर सरस्वती शिशु मंदिर की एक छात्रा ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण, रामप्रवेश राय समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। सिकंदराराऊ कोतवाली में विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, सीओ श्यामवीर सिंह और एसडीएम धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले के अन्य थानों में भी इस अभियान की शुरुआत हो गई है।

## सादाबाद में भारत रत्न डॉ. भीम. राव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

सादाबाद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कचरौठी के गांव जंगला में शहीद परिवारों के सम्मान समारोह में अधिकारियों ने शिरकत की।कार्यक्रम में बाबा साहेब अंबेडकर और शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि जैसे डॉ. अंबेडकर ने संविधान की रचना कर भारत का गौरव बढ़ाया, वैसे ही सीमा पर जवानों ने अपना बलिदान देकर देश की रक्षा की।एडीओ पंचायत रामकिशन बाबा और देवेंद्र गौतम ने कहा कि स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब और जवानों की अहम भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान महाराज सिंह और रालोद युवा के ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष चौधरी राम अवतार सिंह की उपस्थिति में शहीदों के परिजन विजेंद्र सिंह, प्रेम सिंह और धर्मवीर सिंह का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।




आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -सम्पादक

मो:-8218049162,8273402499

## हाथरस में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़े के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिवारों का सम्मान किया गया



हाथरस में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़े के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिवारों का सम्मान किया गया। शहीद सिपाही राममोहन सिंह के पैतृक गांव मई विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर रघुवीर सिंह ने शहीद राममोहन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने शहीद की पत्नी अनीता देवी को 2000 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी।कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संगठन हाथरस के संरक्षक सूबेदार मेजर रामवीर सिंह और अध्यक्ष सूबेदार महीपाल सिंह समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। वीर नारी जुबेदा बेगम, अनीता देवी, राजेश देवी और देवेन्द्री देवी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।हाथरस विकासखंड कार्यालय में भी एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार और अन्य कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी हर रोज जनता दर्शन में करा रहे समस्याओं का त्वरित निराकरण



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में अलीगढ़ एयरपोर्ट और उसके आसपास के क्षेत्र में पर्यावरणीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया।बैठक में मुख्य रूप से पक्षियों की उपस्थिति को नियंत्रित करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, खुले में मांस विक्रय पर रोक, जलभराव की समस्या के समाधान और एयरपोर्ट की सतत निगरानी सु. निश्चित करने जैसे मुद्दों पर गंभीरता के साथ चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि एयरफील्ड के आसपास की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखते हुए नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि उड़ानों की सुरक्षा में कोई बाधा उत्पन्न न हो। डीएम ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध ढंग से दिशा–निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हवाई क्षेत्र की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।इस अवसर पर नगर आयुक्त विनोद कुमार, एडीएम वित्त मीनू राणा, अधिशासी अभियंता लोनिवि संजीव पुष्कर, जिला आपूर्ति अधिकारी अभिनव सिंह, अलीगढ़ एयरपोर्ट अथॉरिटी से एस. एस. अग्रवाल समेत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पुलिस, सिक्योरिटी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उप. स्थित रहे।

## अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र के गभाना टोल प्लाजा पर कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया



अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र के गभाना टोल प्लाजा पर कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कर्मच. ारियों ने आरोप लगाया है कि भीम आर्मी के लोगों ने टोल न देने के लिए जमकर हंगामा किया। कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की।इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला कर्मचारियों के साथ अभद्रता और बदसल. ूकी भी की है। जिसके बाद टोल मैनेजर की ओर से गभाना थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।10–15 गाड़ी निकालने को लेकर हुई बहस टोल के कर्मचारी सुमित सिंह की ओर से पुलिस को तहरीर देकर बताया गया है कि गुरुवार दोपहर लगभग 11रू25 पर 10–15 गाड़ियां मौके पर पहुंची। यह लोग खुद को भीम आर्मी संगठन के पदाधिकारी बता रहे थे और बिना टोल दिए गाड़ी निकालने का दबाव बना रहे थे।जब कर्मचारियों ने इन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपी मारपीट पर आमदा हो गए और महिला कर्मचारियों के साथ भी बदसलूकी की। संगठन की आड़ में 50–60 लोगों की भीड़ एकदम से टोल पर टूट पड़ी और जमकर हंगामा और मारपीट की। महिला कर्मचारियों ने जैसे–तैसे खुद को बचाया। आरोपियों ने राजस्व की हानि भी की। टोल प्लाजा पर कर्मचारियों के साथ मारपीट और हंगामे का सारा मामला सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। जिसके बाद यह फुटेज जमकर वायरल हो रहे हैं और कर्मचारियों ने पुलिस को भी सीसीटीवी उपलब्ध कराए हैं। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।सीओ गभाना संजीव तोमर ने बताया कि टोल कर्मच. ारियों की ओर से तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है और मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जो भी लोग आरोपी होंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मनरेगा की मण्डलीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 21 अप्रैल को कमिश्नरी में



अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में 21 अप्रैल को प्रातः 09:30 बजे कमिश्नरी सभागार में मनरेगा से संबंधित मण्डलीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला को प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए मण्डलायुक्त द्वारा नोडल अधिकारियों की तैनाती कर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं प्रशिक्षण में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना द्वारा निर्धारित एसओपी, मास्टर सर्कुलर, योजना का क्रियान्वयन व अभिलेखों के संरक्षण सम्बन्धी विषय महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि मण्डल स्तर पर प्रशिक्षण के लिए व्यवस्था सम्बन्धी उत्तरदायित्व अलीगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में उपायुक्त श्रम रा. जगार का होगा। सहयोगी उत्तरदायित्व उपायुक्त श्रम रोजगार एटा, हाथरस एवं कासगंज द्वारा निर्वहन किया जायेगा। इसी प्रकार प्रशिक्षण की सामग्री व प्रशिक्षण का उत्तरदायित्व सभी जिलों के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जिला मुख्यालय व जिला ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान धनीपुर जिला अलीगढ़ एवं कासगंज का होगा और आर0 से०टी० निदेशको की प्रशिक्षण साहित्य के साथ उपस्थिति अपरिहार्य की गई है। उन्होंने बताया कि मण्डल के सभी उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी, लेखाकार, सहायक लेखाकार मनरेगा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायकों सहित प्रत्येक जिले से 02–02 ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, रोजगार सेवक एवं महिला मेट अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ससमय अपने से सम्बन्धित प्रशिक्षण दायित्व निर्वहन के लिए प्रशिक्षण सामग्री, पीपीटी और हार्ड कापी के साथ प्रशिक्षण सम्पन्न कराये जाने हेतु स्वतः की उप. स्थिति सुनिश्चित करायी जाये।

## 3000 से अधिक युवाओं को दिया जाएगा रोजगार

अलीगढ़ मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर अवगत कराया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत शासन से वित्तीय वर्ष 25–26 के लिए लक्ष्य प्राप्त हो चुके हैं। लक्ष्य का आवंटन जिले की सभी बैंकों को किया जा चुका है। योजना के बारे में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत 21 से 40 वर्ष तक के कम से कम आठवीं पास एवं कोई भी तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त युवकयुवतियाँ इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत उद्योग व सेवा संबंधी नई इकाइयां स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से 05 लाख रूपये तक का ब्याज व गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत 10 प्रतिशत तक मार्जिन मनी का भी भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। यह योजना जनपद के सभी बैंकों में लागू है।समीक्षा में संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया की प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को विकासखंड स्तर पर निरंतर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। योजना के संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक सहित सभी शाखा प्रबंधकों के साथ निरंतर बैठकें की जा रही हैं। गुरुवार 17 अप्रैल को विकासखंड जवां, गंगीरी, अकराबाद व छर्रा में कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली सभी बैंक शाखाओं का भ्रमण कर लंबित आवेदन पत्रों की निरंतर समीक्षा करते रहें जिससे कि अनावश्यक रूप से आवेदन पत्र बैंकों में लंबित न रहें। उन्होंने जिले के सभी युवाओं से योजना के अंतर्गत आवेदन करने की अपील करते हुए अवगत कराया कि योजना पूर्ण रूप से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित है जिसका आवेदन diupmsme-upsdc-gov.पद पर अथवा अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र के माध्यम से किया जा सकता है।

# 17 से 21 अप्रैल तक मुख्यालय न छोड़ने की अधीनस्थों को नगर आयुक्त की हिदायत–जनसमस्याओं पर कार्यवाही के लिये 1533 नम्बर रहेगा हर समय एक्टिव



नगर आयुक्त ने बताया कि वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुये नगर आयुक्त ने नगर निगम व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने के लिये 04 सेक्टर बनाये है हर सेक्टर में एक वरिष्ठ अधिकारी को सेक्टर प्रभारी तथा हर सेक्टर में 10 अधिकारियों सहित 850 सफाई कर्मचारियों की अलग अलग टीमों को तैनात किया गया है। आवारा पशुओं की रोकथाम के लिये 17 से 21 तक आवारा पशुओं के विचरण को प्रतिबंधित कर दिया गया है यदि कोई पशुपालक अपना पशु खुले में छोड़ता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ साथ नगर निगम ने 17 से 21 अप्रैल तक नगर निगम के कंट्रोल रूम 1533 को राउण्ड दॉ क्लॉक एक्टिव कर दिया है साथ ही इसकी निगरानी के लिए राउंड दा क्लॉक 3 नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है जो शिफ्ट वाइज इसकी निगरानी करेंगे।गुरूवार को सुबह निरीक्षण पर निकले नगर आयुक्त मथुरा बाईपास नाले की सफाई को देखकर खासें नाराज हुये मौके पर नगर आयुक्त ने इस नाले की सफाई के बारे में जानकारी की तो पता चला पिछले माह निर्माण विभाग द्वारा ठे. केदार के माध्यम से इस नाले का साफ कराया गया तथा साफ होने के बाद भी नाले में गंदगी कचरा ऐसे पड़ा था जैसे नाला साफ न हुआ हो इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार को जताते हुये सम्बन्धित ठे. केदार के भुगतान पर संतोषजनक काम नहीं होने तक रोक लगाने के लिये कहा।. रसलगंज और तस्वीर महल चौराहे पर अवैध वैन्डर्स के खड़े होने पर नगर आयुक्त ने तत्काल अतिक्रमण प्रभाारी उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह को इन दोनों जगहों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के लिये कहा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त को वीवीआईपी आगमन स्थल, कार्यक्रम स्थल क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के लिये उत्तरदायी एंजेसी सुखमा के सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति मिली जिस पर नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को सम्बन्धित एंजेसी को नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये।नगर आयुक्त ने क्या कहा नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि वीव. ीआईपी मूवमेंट को देखते हुये महानगर में नगर निगम अलीगढ़ के स्तर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को उच्च कोटि से प्रभावी बनाये जाने के लिये 04 सेक्टर बनाये गये है हर सेक्टर में पर्यवेक्षणीयध्नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी है सभी नोडल अधिकारी व उनके सहयोग हेतु तैनात अधिकारीध्कार्मिकों के साथ अपने–अपने सेक्टर का निरन्तर भ्रमण कर, जिला प्रशासन से संमन्वय व तैनात रहते हुये साफ–सफाई, जल निकासी, पथ प्रकाश, अतिक्रमण व नाला सफाई आदि कार्यो को करायेगें इसके साथ साथ उक्त अवधि में सभी अधीनस्थों को मुख्यालय से बाहर जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी है।निरीक्षण में ये साथ थे अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, तहसीलदार विनय राय मीडिया सहायक अहसान रब, स्टेनो देशदीपक।

## होर्डिंग हटाने को लेकर सोशल मीडिया पर नगर निगम का विरोध करने पर बैक फुट पर आई नगर निगम



अलीगढ़। पिछले कुछ दिनों से अलीगढ़ के वार्ष्णेय मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का कार्यक्रम चल रहा है जिसको लेकर अलीगढ़ शहर में जगह–जगह सनातन धर्म को लेकर प्रचार प्रसार करने हेतु फ्लेक्स होर्डिंग एवं तोरण द्वारा लगाए गए थे जिसको आज सुबह नगर निगम द्वारा वासना मंदिर के तोरण द्वार तोड़कर टेंपो ट्रक में लोड करके ले जाने लगे नगर निगम के कर्मचारी जिसको लेकर पार्षद लक्ष्मी नारायण लक्ष्मी ने इसका विरोध किया तो वहीं सोशल मीडिया पर नगर निगम को लेकर कई लोगों ने अपनी फेसबुक बॉल पर लिखा जिसमें विशाल देशभक्त ने लिखा कि जहां एक और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री सनातन धर्म को लेकर जन–जन तक पहुंचा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर नगर निगम अलीगढ़ ने सपा की मानसिकता दिखाते हुए वार्ष्णेय मंदिर में हो रही भागवत कथा के जो तोरण द्वार तोड़े जा रहे हैं या उखड़े जा रहे हैं। ऐसे में नगर निगम के नीचे मानसिकता दर्शाती है। सोशल मीडिया पर नगर निगम का अधिक विरोध देखते हुए नगर निगम ने बैकफुट पर आकर तोरण द्वार को पुनः अपनी जगह पर दोबारा लगवाने का काम किया।

## सचिव डीएलएसए ने किया वृद्धाश्रम छर्रा का निरीक्षण

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के आदेशानुसार अतरौली तहसील के छर्रा कस्बा में स्थित आवासीय वृद्धाश्रम का सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला जज नितिन श्रीवास्तव, द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में आवासीय वृद्धाश्रम छर्रा में 99 वृद्धजन पंजीकृत है जिनमें से एक वृद्ध महिला श्रीमती गोला देवी का देहांत 16 अप्रैल 2025 को प्रातःकाल हो गया है। 13 अप्रैल को श्रीमती गोला देवी का नाती उसे अपने घर ले गया था। उन्होंने यह भी अवगत कराया गया कि 98 पंजीकृत वृद्धजन में से 33 महिला एवं 65 पुरूष है। निरीक्षण में 80 वृद्धजन जिनमें से 29 महिलाऐं एवं 51 पुरूष है, आवासीय वृद्धाश्रम में पाए गए शेष 20 वृद्धजन अपने परिजनों के घर गये हुये हैं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आवासीय वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों के कमरों में जाकर उनसे मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा गया। सर्वप्रथम आवासीय वृद्धाश्रम के भूमितल पर बने महिलाओं के कक्ष में जाकर उनसे उनका हालचाल पूछा गया और महिलाओं को दिये गये दोपहर के भोजन के बारे में पूछताछ की गयी। वृद्ध महिला श्रीमती सुनीता देवी ने बताया कि आज दोपहर कालीन भोजन में रोटी, चावल, दाल, पत्तागोभी की सब्जी व सलाद दिया गया है। वृद्ध महिलाओं के कक्ष के निरीक्षण के उपरान्त वृद्ध पुरूषों के कक्षों का निरीक्षण कर उनका हालचाल लिया गया। आवासीय वृद्धाश्रम में आवासित रूपराम नामक वृद्ध द्वारा अवगत कराया गया कि उनको बैठने में बहुत दिक्कत होती है डॉ0 ने ऑपरेशन के लिये बताया है मेरे पास आयुष्मान कार्ड भी है। सचिव द्वारा अधीक्षिका को आदेशित किया गया कि वे वृद्ध का शीघ्र ही ईलाज कराना सुनिश्चित करे। इसके उपरान्त सचिव द्वारा वृद्धजन गुरूदीप सिंह से उसका हालचाल पूछा गया उसने बताया कि उसका एक प्लाट विष्णु गार्डन ख्याला कॉलोनी नई दिल्ली में स्थित है। वृद्धजन राकेश द्वारा अवगत कराया गया कि मेरी पत्नी जिनकी उम्र 52 वर्ष है जो मेरे बेटे पवन के साथ दतावली कन्या पाठशाला डॉ0 गौरी के पास, थाना बरला, छर्रा अलीगढ़ में रहती है मेरे बेटे द्वारा मेरी पत्नी को बहुत मारा पीटा गया इसकी शिकायत मैने एसओ बरला से की थी किन्तु उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस पर सचिव द्वारा वृद्धजन को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही एसएचओ थाना बरला को बुलाकर उक्त के बावत आवश्यक कार्यवाही करेंगे। आवासीय वृद्धाश्रम में आवासित वृद्ध हरिशंकर द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी पेंशन नहीं बनी है इस पर अधीक्षिका से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि इनके फिंगर प्रिंट नहीं आ रहे इस कारण आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है इस बजह से इनकी पेंशन नहीं बन पा रही है। सचिव द्वारा अधीक्षिका को आदे. शित किया गया कि जिनजिन वृद्धजन की पेंशन नहीं आ रही है उनकी पेंशन बनवाने के लिए समाज कल्याण अधिकारी से पत्राचार करे निरीक्षण के समय आवासीय वृद्धाश्रम के एक कर्मचारी द्वारा अवगत कराया गया कि आज ही एक वृद्ध धर्मेन्द्र को मलखान सिंह चिकित्सालय जिला अलीगढ़ में भर्ती कराया गया है। सचिव द्वारा अधीक्षिका को आदेशित किया गया कि वृद्ध के इलाज में कोई कोताही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान आवासीय वृद्धाश्रम के कमरे समेत शौचालय एवं स्नानगृह भी बहुत गन्दे पाये गये जिसकी साफसफाई के लिये अधीक्षिका को निद. शित किया गया। सचिव ने आवासीय वृद्धाश्रम के संचालक अशर्फी लाल को निर्देशित किया कि आप आवासीय वृद्धाश्रम में बने शौचालयों एवं स्नानगृह की साफसफाई के लिए एक कर्मचारी की नियुक्त करें और कभीकभी आवासीय वृद्धाश्रम का निरीक्षण स्वयं भी किया करें। निरीक्षण के दौरान एडीआर सेन्टर के कनिष्ठ लिपिक मनोज कुमार व अरूनी सिंह भी उपस्थित रहे।

# कासगंज के छात्र ने रचा इतिहास पहले ही प्रयास में एनडीए परीक्षा में हासिल की देश में दूसरी रैंक

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** एक होनहार छात्र ने अपनी प्रतिभा से पूरे देश में नाम रोशन किया है। आवास विकास कॉलोनी के दिव्यांश सोलंकी ने अपने पहले ही प्रयास में एनडीए परीक्षा में देशभर में दूसरी रैंक हासिल की है। दिव्यांश की प्रारंभिक शिक्षा कासगंज में हुई। मात्र 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने सैनिक स्कूल लखनऊ में प्रवेश लिया। शुरुआत में घर से दूर रहना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन उन्होंने पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित किया।दिव्यांश के पिता धीरेन्द्र सोलंकी और माता डॉ. मंजू चौहान शिक्षक हैं। उनके बड़े भाई मृदुल सोलंकी एमबीबीएस कर रहे हैं। दिव्यांश ने इसी वर्ष फरवरी–मार्च में बारहवीं की परीक्षा दी है। परीक्षा परिणाम की खबर मिलते ही उनके घर बधाइयों का तांता लग गया। लोग फूलमालाओं और मिठाइयों के साथ शुभक. ामनाएं देने पहुंच रहे हैं।दिव्यांश की इस उपलब्धि ने क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का काम किया है। दिव्यांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी, माता–पिता और गुरुजनों को दिया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार करियर चुनने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।

## एटा में एक किशोरी का हाथ थ्रेसर में फंस गया

एटा में एक किशोरी का हाथ थ्रेसर में फंस गया । बागवाला थाना क्षेत्र के मिर्जापुर सई गांव में गेहूं की थ्रेसिंग के दौरान 14 वर्षीय किशोरी का हाथ मशीन में फंस गया।घटना उस समय हुई जब दयाशंकर की बेटी उपासना अपने खेत में गेहूं की थ्रेसिंग का काम कर रही थी। करीब एक बीघा गेहूं निकालने के बाद अचानक उसका हाथ थ्रेसर मशीन में चला गया। हादसे में किशोरी का एक हाथ कट गया।घायल किशोरी को तुरंत परिजन एटा स्थित मेडिकल कॉलेज ले गए। वर्तमान में उसका वहां इलाज चल रहा है। घायल किशोरी के भाई ने बताया कि खेत में गेहूं निकालते समय यह हादसा हुआ।इस समय ग्रामीण इलाकों में फसल कटाई का काम चल रहा है। इस घटना ने कृषि कार्यों में सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

## एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गंगा नगर में एक निर्माणाधीन मकान में 40 वर्षीय मजदूर सुरेश ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली

एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गंगा नगर में एक निर्माणाधीन मकान में 40 वर्षीय मजदूर सुरेश ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।घटना बुधवार की देर रात की है। मकान मालिक जब अपने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा, तो उसने दरवाजे पर सुरेश का शव लटका देखा। उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और सुरेश को फंदे से उतारा।परिजन तत्काल सुरेश को वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए।सुरेश, तोता राम का पुत्र था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। थाना प्रभारी कोतवाली देहात आर के सिंह ने बताया कि परिजनों ने पुलिस को इस घटना की कोई जानकारी नहीं दी है।

## जलेसर के गांव सकरा में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत

जलेसर के गांव सकरा में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत ने हो गई है। मृतका पुष्पा देवी (24) का शव उसके ससुराल में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुष्पा की शादी फरवरी 2023 में ललित कुमार के साथ हुई थी।मृतका के भाई रवि ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। उनका कहना है कि बहन की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है।घटना की जानकारी एक बिचौलिए के जरिए मायके पक्ष को मिली। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है।कोतवाली निरीक्षक डॉक्टर सुधीर राघव ने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से क्षेत्र में दहेज प्रथा को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## कासगंज में ईट भट्टे के मजदूर की मौत खाली खेत में मिला शव, 15 अप्रैल को बिना घर से निकला था

कासगंज के सोरों कोतवाली क्षेत्र में एक ईट भट्टे के मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान महाराजपुर निवासी 35 वर्षीय अजयपाल के रूप में हुई है।अजयपाल 15 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे बिना कुछ बताए घर से निकला था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। और उसका शव ताराचंद्र कुंवरपुर के खाली खेत में मिला। ग्रामीणों ने शव की पहचान के बाद परिवार को सूचना दी।मृतक नौरथा ईट भट्टे पर ईट निकासी का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी अनीता और तीन बच्चे हैं – 15 वर्षीय अवनीश, 12 वर्षीय प्रदीप और 10 वर्षीय रजनी। मृतक के पिता रक्षपाल ने बताया कि अजयपाल की अचानक मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेज कर मामले की जांच शुरु करदी है।

## कासगंज के गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र में मोहनपुर फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला

गंजडुंडवारा संवावदाता इंद्रपाल राजपूत. थाना क्षेत्र के गांव अल्लैहपुर निवासी युवक का शव ट्रैक पर मिला है। पुलिस ने युवक के ट्रेन की चपेट मे आने की आशंका व्यक्त की है। शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मोहनपुर फाटक के समीप रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे लोगों ने किसी युवक का शव ट्रेक पर पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास मे जुट गई। काफी प्रयास के बाद शव की शिनाख्त पीयूष शाक्य पुत्र हरि ओम शाक्य ग्राम अल्लैहपुर उम्र 20 वर्ष के रूप मे की गई। सूचना परिजनो को दी गई। .मौके पर पहुंचे परिजन शव को देख कर बिलख पड़े। परिजनो ने बताया पीयूष बुधवार रात्रि किसी से तंबाकू के पैसे लेने के लिए घर से निकला था, लेकिन रात्रि मे घर नही पहुंचा। मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। मोबाइल स्विच ऑफ होने से परिजन घबरा गए। उसकी काफी खोजबीन में जुट गए, लेकिन रात्रि में कोई अता पता नहीं चला। सुबह पीयूष का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे मे पोस्टमार्टम को भेजा है। पीयूष इंटर का था छात्र पीयूष अपने घर में सबसे छोटा है। पीयूष के पिता हरिओम के पांच बच्चे हैं। बड़ा बेटा 25 वर्षीय नितिन है, जोकि गूंगा है, और दूसरे नंबर का बेटा दिवाकर है, जोकि 23 वर्ष का है। तीसरे नंबर की बहन अंजू है जोकि विवाहित है। 20 वर्ष की नेहा है। पीयूष के चाचा अरुण कुमार ने बताया कि पीयूष के पिता मंदबुद्धि है। पीयूष ने 2024ध्25 में इंटर के एग्जाम दिए थे। परिजनों का रजल्ट आने का इंतजार था। पीयूष की मौत के बाद परिवार में चीत्कार मचा हुआ है।

## एटा के वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

एटा के वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने नौ हज यात्रियों की जांच की और आवश्यक वैक्सीन लगाई।60 वर्ष से अधिक आयु के तीन यात्रियों को सीजनल इन्फ्लूएंजा वैक्सीन दी गई। इसके अलावा उन्हें पोलियो और अन्य आवश्यक वैक्सीन भी लगाई गई। हज कमेटी के मौलाना याकूबी ने यात्रियों को हज यात्रा के तौर–तरीके भी समझाए।हज यात्री मोहम्मद नईम ने बताया कि उन्हें मिले कार्ड के आधार पर मेडिकल परीक्षण कराया गया। हज कमेटी द्वारा यात्रा की पूरी ट्रेनिंग दी गई है। यात्री पहले मदीना और फिर मक्का जाएंगे। उन्होंने कहा कि हज यात्रा का सौभाग्य प्राप्त होने से वे बहुत खुश हैं।सीएमएस डॉ. सुरेश चंद्र ने बताया कि आगामी माह में हज यात्रियों का जत्था अलग–अलग स्थानों से रवाना होगा। इसी तैयारी के तहत सभी यात्रियों का मेडिकल परीक्षण किया गया है।

## एटा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़ा उठाया कदम

एटा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चल रही पुरानी एंबुलेंस को बदलकर 29 नई एंबुलेंस उपलब्ध करा दी गई हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी उमेश कुमार त्रिपाठी और जिला क्षय अधिकारी लोकमन सिंह की उपस्थिति में इन एंबुलेंस को स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को सौंपा गया। अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को विशेष तौर पर दो नई एंबुलेंस दी गई हैं।पहले जिले में पुरानी एंबुलेंस से कई समस्याएं आ रही थीं। कई बार ये बीच रास्ते में खराब हो जाती थीं। नई एंबुलेंस मिलने से अब मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। अलीगंज सीएचसी में एंबुलेंस का शुभारंभ फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर किया गया।अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर शिव कुमार ने बताया कि इन एंबुलेंस से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी उमेश त्रिपाठी के अनुसार, जिले में अब तक कुल 42 पुरानी एंबुलेंस बदलकर नई प्राप्त हो चुकी हैं। इनमें से 29 नई एंबुलेंस को विभिन्न केंद्रों के प्रभारियों को सौंप दिया गया है।

## कासगंज के सेंट जोसेफ स्कूल में मिशन जागृति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया

कासगंज के सेंट जोसेफ स्कूल में मिशन जागृति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आगरा जोन की एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि थीं।एडीजी कुलश्रेष्ठ ने अभियान की सफलता के आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि पहले चरण में महिला संबंधित अपराधों में 18 प्रतिशत की कमी आई। दूसरे चरण में यह आंकड़ा बढ़कर 35 प्रतिशत हो गया। तीसरे चरण में महिला अपराधों में 50 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।कार्यक्रम में अलीगढ़ मंडल के डीआईजी प्रभाकर चौधरी भी मौजूद रहे। डीएम मेधा रुपम और एसपी अंकिता शर्मा ने जिला प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया। स्कूल के छात्र–छात्राओं ने जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पुलिस प्रशासन महिला संबंधित अपराधों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है।

## कासगंज गर्मी ने निकालना शुरू किया लोगों का पसीना...पारा अप्रैल में 40 के पार





कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत कासगंज जिले में भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिससे लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। घर से निकलने वाले लोग चेहरा समेत पूरा शरीर को ढक कर चल रहे हैं। जिससे धूप में शरीर की सुरक्षा होती रहे। लिहाजा बढ़ती गर्मी से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अभी से ही पारा 40 के पार पहुंच गया है।गर्म हवाओ और लू के थपेड़ों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी से निजात पाने के लिए के लिए लोग तरह–तरह के जतन कर रहे हैं। उपाय कर रहे हैं, लेकिन लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गर्मी से लोगों की हालत खराब हो रही है। वहीं लू के थपेड़ो ने बदन को झुलसा कर रख दिया है। तपिश के कारण लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। तेज धूप के साथ पुरवइयां हवा भी चलना बंद हो जाने से गर्मी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। दोपहर होने से पूर्व सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। गर्मी के चलते जरूरतमंद ही लोग घरो से बाहर निकल रहे हैं। वहीं गर्मी और तपिश से बचने के लिए लोग बाजार में लगे पेय पदार्थो का सेवन कर रहे हैं। जिले भर में अभी से तापमान की बात करें, तो 41 से 43 डिग्री तक तापमान पहुंच रहा है। एक नजर में सोमवार को 40 डिग्री से 38 डिग्री के मध्य रहा तापमानमंगलवार को 41 डिग्री से 40 डिग्री के मध्य रहा तापमानबुधवार को 42 डिग्री से 40 डिग्री के मध्य रहा तापमान गुरुवार को 39 डिग्री से 40 डिग्री के मध्य रहा तापमान जिला अस्पताल के सीएमएस संजीव सक्सेना ने बताया कि गर्मी और तपिश तेज पड़ रही है। 11 बजे से शाम चार बजे तक तापमान अधिक रहता है। इससे लू लगने की संभावना ज्यादा रहती है। ज्यादा जरूरी हो तब ही घर से बाहर निकलें। घर से बाहर निकलते समय चहेरे को गमछा या फिर तौलिया से ढ़क कर ही बाहर निकले। गर्मी में शरीर के लिए ध्यान देने की विशेष जरूरत है।

एटा के राजा का रामपुर कस्बा स्थित संजय फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल न मिलने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार से ही पंप पर पेट्रोल समाप्त हो गया था, बुधवार को पंप पर डीजल भी समाप्त हो गया। इससे वाहन चालक परेशान हो गए। उन्हें दूरदराज क्षेत्र से पेट्रोल–डीजल लाना पड़ रहा है।


